डॉ. सीमा रंगमंच के जरिए लोगों को बच्चों को पढ़ाने, एड्स जागरूकता, पर्यावरण और कन्या संरक्षण अभियान में जुटी हैं। इससे पहले उन्हें गार्गी अवार्ड, नारी शक्ति अवार्ड, ग्रीन जीवन विहार फेस में केयर देवेंद्र अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

उपन्यास सम्राट की 84वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उनकी कहानियों पर रचित नाटक का विमोचन हुआ

प्रेमचंद की कहानियों को जोड़ नाटक गढ़ने का अनूठा प्रयोग

लखनऊ | निज संवाददाता

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की तीन कहानियों को जोड़कर पूर्णकालिक नाटक बनाने का यह पहला प्रयोग है जिसको पढ़ने का अलग ही अनुभव है। ये बातें वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. उर्मिल रस्तोगी ने यूपी प्रेस क्लब में कहीं। हजरतगंज स्थित प्रेस क्लब में सोमवार को सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी की ओर से प्रसिद्ध कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की 84वीं पुण्यतिथि के पूर्व संध्या पर उनकी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर केके अग्रवाल द्वारा प्रेमचंद की रचित कहानियों पर आधारित नाटक जीवन यात्रा का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस महेंद्र मोदी और विशिष्ट अतिथि डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल मौजूद रहे। डॉ. थपलियाल ने कहा कि पुस्तक के विमोचन से पहले इसका मंचन मंचन किया गया जिससे साहित्य जगत को एक नाटक नाटक मिला।

कार्यक्रम में हरीश भट्टेजा, गोपाल सिन्हा, प्रदीप श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

संस्था ने दी सच्ची श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में संस्था की महासचिव डॉ सीमा मोदी ने कहा कि संस्था की ओर से पुस्तक के प्रकाशन से पहले कलाकारों द्वारा मंचन संस्था की उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इसके साथ ही जब तक रंगकर्मी ने प्रेमचंद पर आधारित नाटकों का सामूहिक मंचन संस्था की ओर से कराया गया है। जिसमें मुंशी प्रेमचंद की कहानियों दो लाख, बूढ़ी काकी, आंदर जैसे कहानियां जो बहुत का मंचन किया गया जो दर्शकों द्वारा खूब सराहा भी गया है।

प्रेमचंद की तीनों कहानियों पर आधारित नाटक जीवन यात्रा का विमोचन सोमवार को प्रेस क्लब में किया गया। नाटक केके अग्रवाल ने लिखा है।

किसान के संघर्ष को शब्दों में उकेरा

अपनी कृति के बारे में बताते हुए लेखक और वरिष्ठ रंगकर्मी केके अग्रवाल ने कहा कि जीवन यात्रा के जरिए किसान के संघर्ष और उनके दर्द को शब्दों में लिखकर बयां करने की कोशिश की है। इसमें प्रेमचंद की तीन कहानियों को लिखकर एक नई कहानी गढ़ी गई है। उन्होंने ये कहा उदाहरण को प्रस्तुत करेगी।

कार्यक्रम में हरीश भट्टेजा द्वारा वरिष्ठ रंगकर्मी सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद गांवों, दलितों और किसानों के शोषण के खिलाफ निरंतर अपनी लेखनी चलाई। उन्होंने कहानियों में लोगों को प्रेरणा दिलाने में। इसके बाद डॉ. उर्मिल रंजन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि साल में प्रेमचंद के तीनों उपन्यास नाटक रहेंगे हैं।

मंदिर का मंचन

31 जुलाई 2018

धार्मिक असहिष्णुता की ओर इशारा कर गया नाटक 'मंदिर'

संवाददाता,लखनऊ।

सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा भारतेन्दु नाट्य अकादमी में कथाकार मुंशी प्रेमचंद की 130 वीं जयंती प्रेमचंद स्मृति समारोह के रूप में मनायी गई। इस अवसर पर संस्था पत्रिका के विमोचन के साथ देश के वर्तमान परिवेश में मुंशी प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन तथा मुंशी प्रेमचंद की कहानी मंदिर का नाट्य मंचन भी किया गया एवं समाज में विविध कार्यों में विशेष योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

[illegible]

नाटक मंदिर की कहानी है गरीब विधवा सुशिला की, जिसे उसके पति ने सपने में आकर अपने बीमार बेटे की जान की सलामती के लिए मंदिर जाकर भगवान की प्रार्थना करने को सतर्क दी है। किंतु धर्म के ठेकेदार उसे अछूत कहकर मंदिर में प्रवेश नहीं करने देते और जब वो चोरी से मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास करती है तो उसे लाठी डण्डों से मारते है।

इस हादसे में सुशिला तो घायल होती ही है परंतु उसका बच्चा निर्धन मर जाता है।

यह मार्मिक एवं हृदय विदारक कहानी कई ऐसे प्रश्न उठाती है जो आज भी समाज में ज्वलंत है। जैसे क्या ऊँची जात के लोगों के भगवान और नीची जाति के लोगों के भगवान अलग-अलग होते है। क्या गरीब और नीची जात वाला बड़े धर्म वालों इमारतों को मंदिर में प्रवेश का अधिकार नहीं है।

क्या बड़े-छोटे, अमीर गरीब सबको एक ही ईश्वर ने नहीं बनाया है। अपने बच्चे की जान बचाने के लिए व्याकुल, मंदिर में प्रवेश करने को छटपटाती सुशिला के चरित्र को सीमा मोदी ने अपने प्रभावशाली अभिनय से जीवंत कर दिया।

उनका साथ दिया पुजारी के रूप में नियुक्त सिंह ने और छोटे बच्चे के रूप में आकाश ने।

नाटक में प्रकाश परिकल्पना वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल सिन्हा की तथा मंच सज्जा एवं संगीत संचालन शैलेन्द्र ने किया।

अमर हैं प्रेमचंद की कहानियां

वीएनए में मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह, कहानी 'मंदिर' के मंचन में दिखा अभिनय कौशल

[illegible]

कथाकार की कहानी, सामाजिक अभिनय : मुंशी प्रेमचंद की कहानी मंदिर को सीमा मोदी ने अपनी अभिनयकौशल से सशक्त जीवंत किया • जागरण

[illegible] मोदी, संस्कृति विभाग निदेशक विजेंद्र, फेसबुक पेज के संचालक सुमेधा बाजपेयी सिंह और पत्रिका स्वर्णकार पुजारी प्रकाशक, गोपाल सिन्हा, प्रकाश बोस, कोरियन निदेशक मेरी पेंड गुप्ता, डॉ. कपाड़ पंडा, प्रकाश शर्मा की स्मृति सिंह [illegible] मंच का संचालन हुआ।

[illegible] मोदी ने अपने अभिनय से जीवंत किया। पुजारी के रूप में विनीत सिंह और छोटे बालक के रूप में आकाश ने अभिनय किया। [illegible] मोदी, [illegible] सुमन, [illegible] और [illegible] ने [illegible] मंच पर [illegible] किया।

'सुकृति' की ओर से आयोजन

लखनऊ : जागरण 'सुकृति' के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर प्रकाशक टेलेग्राम में संगोष्ठी व एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। [illegible] डॉ. सुधांशु कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आज देश में राष्ट्रवाद का एक दौर चल रहा है। [illegible] प्रेमचंद ने अपने लेखों में बताया था कि राष्ट्रवाद सुख और भारी सांस्कृतिक [illegible] के अर्थ सुधी का एक सांस्कृतिक [illegible] का रूप और [illegible] मात्र की तुष्टि तक आधारित है। [illegible] वैज्ञानिक व साहित्य प्रेमी डॉ. [illegible], [illegible] अभिनेता प्रवीण [illegible], [illegible] प्रकाश पांडे ने भी संबोधित किया।

[illegible] में विशेष रूप से [illegible], [illegible] सुमन, [illegible] मोदी, [illegible] सिन्हा, [illegible] और [illegible] ने [illegible] नाटक में [illegible] किया। [illegible] सुमन, [illegible] और [illegible] ने [illegible] किया। (जागरण)

आपको हमारा Epaper कैसा लगा हमें बतायें

dainik jagran 1 August

बूढ़ी काकी का मंचन

13 अक्टूबर 2017





बूढ़ी काकी का मंचन

13 अक्टूबर 2017

'बूढ़ी काकी' ने नम की दर्शकों की आंखें

14/10/17

एनबीटी, लखनऊ : जब कलाकारों ने मंच पर समाज में बुजुर्गों की अनदेखी को दर्शाया को तो दर्शक भावुक हो उठे। सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी की ओर से कैसरबाग के राय उमानाथ बली ऑडिटोरियम में शुक्रवार को मुंशी प्रेमचंद की चर्चित कहानी 'बूढ़ी काकी' का नाट्य रूपांतरण किया गया।

सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी की ओर से हुई प्रस्तुति

नाटक की शुरुआत मुख्य किरदार बूढ़ी काकी से होती है। वह अपनी संपत्ति भतीजे बुद्धिराम को सौंपकर पूरी तरह उस पर निर्भर हो जाती हैं। लालची भतीजे बुद्धिराम और पत्नी रूपा काकी की अनदेखी करने लगते हैं

नाटक में दिखाया गया कि बुद्धिराम अपने बेटे के तिलक समारोह में अतिथियों को बुलाने के बाद बूढ़ी काकी को कमरे में बंद कर देता है। मेहमानों के जाने के बाद काकी पत्तलों में पड़ी जूठन खाकर भूख मिटाती है। इसे देखकर बुद्धिराम और उसकी पत्नी को अपनी गलती का अहसास होता है।

बूढ़ी काकी के किरदार में संस्था की महासचिव सीमा मोदी ने निभाया। वहीं अन्य कलाकारों में आरुष, शिवांशु, राहुल, समृद्धि, शैलेंद्र, सोनू, लक्ष्मी, रेखा, उदयभान, सौरभ और आशीष शामिल रहे। कहानी का नाट्य रूपांतरण व निर्देशन केके अग्रवाल ने किया। मेकअप विजय ने, लाइट डायरेक्शन गोपाल, म्यूजिक सादिक का और संचालन जितेश ने किया।

NBT

राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में 'बूढ़ी काकी' नाटक का मंचन हुआ।

बूढ़ी काकी पर हुए अत्याचारों ने झकझोरा

4/10

लखनऊ। बुढ़ापा आते ही मन बच्चों सा हो जाता है, लजीज खाने से लेकर खेलने तक का मन करता है। ऐसे में अगर अपने ही पराये सा व्यवहार करने लगें तो बुजुर्ग टूट जाते हैं। ऐसे ही भावपूर्ण दृश्यों के साथ शुक्रवार को आंखें नम करते कथानक का मंचन राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ। कथाकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'बूढ़ी काकी'

बली प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन

नाटक में कलाकारों ने सधे अभिनय से बुजुर्गों की अवस्था पर झकझोरा। पति और पुत्र की मौत के गम में रोज-रोज घुट-घुट कर जी रही बूढ़ी काकी एक दिन अपनी भारी जायदाद भतीजे बुद्धिराम को दे देती हैं, लेकिन जायदाद पाते ही बुद्धिराम बदल जाता है। उस पर अत्याचारों का कहर टूट पड़ता है तो बुद्धिराम की पत्नी भी काकी को एक-एक निवाले के लिए तरसा देती है। बुद्धिराम की छोटी बेटी से ये सब सहन नहीं होता। वो उनका ख्याल रखने के साथ-साथ चोरी चुपके से उन्हें खाना भी खिलाती रहती है। हद तो तब हो जाती है जब सताई हुई बुद्धिराम के बेटे मुन्नाराम के विवाह आयोजन में बूढ़ी काकी मेहमानों की जूठन से पेट भरने पर मजबूर हो जाती है। नजारा देख सभी घरवाले पछताते हैं। सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के नाटक में संस्था की सचिव सीमा मोदी ने बूढ़ी काकी का दमदार किरदार निभाया।



वृक्ष कल्याणम्

॥ हमारा उद्देश्य, प्राकृति सेवा ॥ ॥ (Our Aim to Nurture Nature) ॥

रजि सं. 904-2014-2015

सचिव
विपिन कान्त
फोन : 9415220022
Email : vrikshakalyanam.lko@gmail.com
Date : 01.09.2020

वृक्ष कल्याणम देश में पर्यावरण जल संचयन एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति जन जागृति कार्यो के लिये प्रतिबद्ध है। इन कार्यों को करने के लिये संस्था अन्य सामाजिक संस्थाओं एवं स्कूल का सहयोग प्राप्त करती है।

प्रमाणित करना है कि श्री के.के. अग्रवाल ने संस्था के लिये अपने द्वारा लिखित नाटकों का निर्देशन एवं मंचन किया है जिनमें इन्होंने अभिनय भी किया।

1. कभी तो सुनोगे।
2. इन्हें इंसान बना है
3. पार्क में पर्यावरण
4. पर्यावरण एक प्रश्न चिन्ह्
5. अपने पर भरोसा रखो
6. एक भूल को मत दोहराओ
7. मित्र से धोखा अपने से धोखा
8. लालच बुरी बला है

इस वर्ष दिनांक 23 फरवरी को संस्था के वार्षिक अधिवेशन में श्री के.के. अगवाल की नाट्य गतिविधियों में योगदान के लिये इन्हे संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

इन कार्यक्रमों की उपलब्ध प्रेस कटिंग संलग्न की जा रही है।

बिपिनकान्त
सचिव

कार्यालय : मकान संख्या - 521, इंसाफ नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ

नाटक से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वृक्ष कल्याणम संस्था और भारत विकास परिषद अवध प्रांत की ओर से हुआ कार्यक्रम का आयोजन

नाटक में शानदार अभिनय कर कलाकारों ने सराहना बटोरी।

एनबीटी, लखनऊ : देश में डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, पत्रकार हैं, लेकिन इंसान कहां हैं। अगर तुम चाहते हो कूड़ा डस्टबिन में फेंकूं तो लिखवा दो कि यहां कूड़ा फेंकना सख्त मना है। बिगड़ते पर्यावरण की स्थिति बयां करने के लिए कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद बोले तो सभागार तालियों से गूंज उठा। रविवार को वृक्ष कल्याणम संस्था और भारत विकास परिषद अवध प्रांत की ओर से इंदिरा नगर के रानी लक्ष्मीबाई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में इंजिनियर केके अग्रवाल के लेखन निर्देशन में नाटक 'इन्हें इंसान बनना है' का मंचन हुआ। नाटक के जरिए कलाकारों ने बिगड़ते पर्यावरण के प्रति लोगों की अनदेखी की तस्वीर बयां की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नाटक में इंजिनियर विपिन कांत, इंजिनियर केके अग्रवाल, देव शर्मा, इंजिनियर टीआई गुप्ता, अमित सिन्हा, प्रभात लाहिरी, इला शर्मा ने शानदार अभिनय किया। नाटक के बाद इंजिनियर विपिन कांत ने लोगों से पौधा लगाने, कपड़े का थैला इस्तेमाल करने का संकल्प दिलवाया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व प्रशासनिक अधिकारी दीपक कुमार और विशिष्ट अतिथि मुकेश जैन मौजूद रहे।



इन्हें इंसान बनना है नाटक का एक दृश्य

'इन्हें इंसान बनना है' नाटक ने दिया सामाजिक संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (VOI)

लखनऊ। इस देश में डाक्टर है, इंजीनियर है, जज है, वकील है, पत्रकार है, प्रशासक है पर इंसान कहां है, अगर तुम चाहते हो कि यहां कूड़ा इस कूड़ेदान में फेंकू तो इस पर लिखवा दो कि यहां कूड़ा फेंकना सख्त मना है। ये चुटीले संवादों से सामाजिक एवं नागरिक समस्याओं के प्रति हमारे लापरवाहपूर्ण रवैये को, तथा एक सीधे सरल एवं समाज के प्रति जागरूक आदमी के इंसान बनने के प्रयास में आने वाली बाधाओं से निपटने की उसकी छटपटाहट एवं बेबसी को, दर्शकों के दिल में उतारने में सफल रहा नाटक इन्हें इंसान बनना है। नाटक इन्हें इंसान बनना है का मंचन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल, सेक्टर 8 इन्दिरा नगर में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वृक्ष कल्याणम संस्था द्वारा किया गया। नाटक में अज्ञानी का किरदार इं. विपिन कान्त, खामखाह-इं. केके अग्रवाल, नेता-देवशर्मा, दारोगा-इं. टी.आई. गुप्ता, चिरांद-अमित सिन्हा, डा. प्रभात लाहिरी एवं ईला शर्मा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को नाटक के जरिए सामाजिक संदेश दिया।

नाटक मंचन के पश्चात इं. विपिन कांत ने लोगों से पांच जून पर्यावरण दिवस पर कमरे से निकलने से पहले बिजली स्विच बंद कर देंगे, बाजार कपड़े का थैला लेकर जायेंगे। एक पौधा लाएंगे, जैसे निम्न कार्य करने का संकल्प दिलवाया।

दैनिक जागरण 09.01.17

वार्षिक अधिवेशन | वाल्मीकि रंगशाला प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को बांटे गए पुरस्कार

कलाकारों ने मंच से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

जागरण संवाददाता, लखनऊ : न पीने लायक पानी बचा है, न सांस लेने लायक हवा। विकास व प्रगति का मतलब किसान की मौत है। चिड़ियों की मानस पर्यावरण का विनाश है। जैसे ही यह चंद कलाकारों ने मंच पर कहीं तो पूरे सभागार सोच की मुद्रा में चला गया। मौका था वाल्मीकि रंगशाला प्रेक्षागृह में वृक्ष कल्याणम की ओर से आयोजित वार्षिक अधिवेशन का। शनिवार को इस कार्यक्रम में लघु नाटक पर्यावरण एक प्रश्न चिन्ह का मंचन किया गया। इसके अलावा चित्रकला व किराज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

एकलव्य में मंचित नाटक वृक्ष कल्याणम की प्रस्तुति देते कलाकार

नाटक में कलाकारों ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। नाटक में हवा, पानी, पर्यावरण, पेड़ व वृक्ष के रोचक किरदार को शानदार तरीके से पेश गया है। नाटक का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक करना था, जिसे कलाकारों ने बखूबी निभाया। नाटक में विपिन कांत, केके अग्रवाल, भाषा राजपूत, आदर्श व देव शर्मा ने अभिनय किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से आयोजित चित्रकला व किराज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार भी दिया गया, जिसमें चित्रकला में जूनियर वर्ग में खुशी मल्होत्रा को प्रथम, निरुपमा श्रीवास्तव को द्वितीय व अपूर्वी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग में अरविंद कुमार को प्रथम, अखिलेश भारती को द्वितीय व प्रवीन पटेल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं कवीज जूनियर प्रतियोगिता में आंशु श्रीवास्तव को प्रथम, यश मिश्रा को द्वितीय व समीर त्रिपाठी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सीनियर प्रतियोगिता में अखिलेश नाटक को प्रथम, ऋतिक सिंह को द्वितीय व हिमांशु शुक्ला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर कवि कृष्ण बिहारी व देवकी नंदन ने कविता पढ़कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। कार्यक्रम में रमा उजागिर शुक्ला, एपी मिश्रा, नासिक हुसैन, राजेश कुमार, विपिन कांत, सोम मेहता, आईके भारद्वाज, अरुणी गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

नव भारत टाइम्स 09.01.17

बिगड़ते पर्यावरण के लिए किया जागरूक

वाल्मीकि ऑडिटोरियम में नाटक के जरिए दिया पर्यावरण संवारने का संदेश

NBT

संस्था की ओर से पूर्व में हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

■ एनबीटी, लखनऊ

कलाकारों ने दर्शकों को बिगड़ते पर्यावरण के बारे में नाटक के जरिए सचेत किया तो हर कोई सोचने पर मजबूर हो गया। नाटक का आयोजन वृक्ष कल्याणम संस्था के वार्षिक अधिवेशन में संस्था के सदस्यों की ओर रविवार को किया गया।

कलाकारों ने पर्यावरण एक प्रश्न 'चिह्न' नाटक के जरिए नदियों और हवा के प्रदूषित होने के नुकसानों से रू-ब-रू कराया। इसके किरदारों में विपिनकांत, भाषा राजपूत, केके अग्रवाल, देवेश शर्मा और बच्चों आशा शर्मा ने शानदार अभिनय से अपनी छाप छोड़ी।

इससे पहले अधिवेशन की शुरुआत करते हुए सचिव विपिनकांत ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण पर केंद्रित अभियानों पर प्रकाश डालते हुए पॉलीथिन बहिष्कार अभियान को फिर चलाए जाने की बात कही। वहीं, एपी मिश्रा ने सार्थक अभियानों और कार्यक्रमों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार, डॉ. जेके जैन, आरयू शुक्ल और नासिक हुसैन ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में संस्था की ओर से पूर्व में हुई प्रतियोगिता के विजेता खुशी मल्होत्रा, निरुपमा श्रीवास्तव, अपूर्वी, अरविंद कुमार और प्रवीन पटेल को पुरस्कृत किया गया।

नवभारत टाइम्स 30.12.17

स्वच्छता मानकों के आधार पर पांच कॉलेज सम्मानित

संगीत नाट्य अकादमी में वृक्ष कल्याणम संस्था के वार्षिकोत्सव पर हुआ नाटक का मंचन

एनबीटी, लखनऊ : वृक्ष कल्याणम संस्था की ओर से शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित संगीत नाट्य अकादमी में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान संस्था के लोगों ने नाटक का मंचन कर वृक्ष लगाने का संकल्प लोगों को दिलाया। संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि देश में लगातार प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। मुख्य कारण लोगों में पेड़-पौधों के प्रति जागरूकता की कमी है। अगर इससे बचना है तो बच्चों को वृक्ष की उपयोगिता के बारे में बताना होगा, ताकि बढ़ रहे प्रदूषण को रोका जा सके।

संस्था के अध्यक्ष राजेश ने बताया कि इंदिरानगर, विकासनगर, अलीगंज, राजाजीपुरम के 20 स्कूलों की पड़ताल की गई। जिसमें बीके कॉन्वेंट इंटर कॉलेज (तकरोही), सरस्वती शिशु मंदिर (तकरोही), दयानंद इंटर कॉलेज (इंदिरानगर), एसजेएम स्टडी होम (इंदिरानगर), एमएलएम इंटर कॉलेज (अलीगंज) मानक के आधार पर स्वच्छ पाये गए। संस्था ने उन्हें पौधे देकर सम्मानित किया। साथ ही संस्था की ओर से आयोजित निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

पेड़ लगाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में संस्था की ओर से 'पर्यावरण एक प्रश्न चिह्न' नाटक का मंचन किया गया। यहां कलाकारों ने वृक्ष के प्रति लोगों को जागरूक कर पॉलिथीन बहिष्कार करने की अपील की। यहां पुस्तक 'खूटियों पर टंगी कहानियां' का भी विमोचन हुआ। मौके पर उत्तर प्रदेश जल निगम के अध्यक्ष जीवी पटनायक, इंजिनियर एपी मिश्रा, सुधा सिंह, आरयू शुक्ला, केके अग्रवाल, विपिन कांत समेत कई लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा 31.12.17

नाटक के माध्यम से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

लखनऊ (एसएनबी)। वृक्ष कल्याणम् संस्था के तत्वावधान में गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में महाधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें मंचित नाटक 'पार्क में पर्यावरण' ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रदूषण जैसी गंभी समस्या पर देश के कर्णधारों के लापरवाही भरे सरोकार के प्रति दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जल निगम के अध्यक्ष जी.वी. पटनायक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अवकाश प्राप्त एमडी ए.पी. मिश्र उपस्थित थे।

महाधिवेशन का प्रारम्भ गीता सिंह व ईला द्वारा प्रस्तुत संस्था के ध्येय गीत से हुआ। इसके बाद संस्था के सचिव विपिन कान्त ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था के गठन व उसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था निःशुल्क वृक्षारोपण के साथ ही ऊर्जा संरक्षण व पॉलीथीन बहिष्कार के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त अल्प आय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति भी संस्था द्वारा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर संस्था का एक ब्रोसर भी जारी किया गया। महाधिवेशन में के.के. अग्रवाल द्वारा लिखित कहानी संग्रह 'खूटियों पर टंगी कहानियां' का विमोचन कादम्बिनी क्लब की अध्यक्ष सुधा सिंह द्वारा किया गया तथा प्रधानाचार्य संगठन के उपाध्यक्ष आर.यू.

अमर उजाला 25.7.16

बिगड़ रहे पर्यावरण संतुलन पर नाटक में उठाए सवाल

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। इंसान पहले तो पेड़ काटता है, अंधाधुंध गाड़ियां सड़क पर उतार कर वायु प्रदूषित करता है और उसके बाद कोसता है पर्यावरण को कि यह बिगड़ रहा है। सुधारने के लिए खुद कोई प्रयत्न नहीं करेगा, लेकिन गर्मी पड़ने पर शोर मचाता है, बाढ़ आने पर ग्लोबल वार्मिंग की और कम सर्दी पड़ने पर कुदरत की दुहाई देता है। मगर, अपनी गलती नहीं मानता। इंसान को इसी गलती का अहसास कराते नाटक 'पर्यावरण एक प्रश्न चिह्न' के मंचन के साथ आईआईटी रुड़की एल्युमिनाई एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर की शाम सजी।

लखनऊ चैप्टर की बैठक और चुनावी मीटिंग के दौरान मंच पर उतरे नाटक ने बिगड़ते पर्यावरण के लिए जिम्मेदार अंजान बन रहे इंसान को उकेरा। मंच पर इंजीनियर भी उतरे। वृक्ष कल्याणम की ओर से मंचित केके अग्रवाल निर्देशित-अभिनीत नाटक में अनुष्का सिंह, भावा राजपूत, देव शर्मा, विपिन कांत ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। इससे पहले शहर की रचना भटनागर ने करीब एक घंटे तक मोटिवेशनल स्पीच से सुखी जीवन की भव्यता के साथ कैसे जीये पर लोगों को हैप्पी लाइफ के गुर सिखाए।

आईआईटी रुड़की एल्युमिनाई एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर ने किया आयोजन

राजीव बने अध्यक्ष

लखनऊ चैप्टर की एग्जीक्यूटिव कमेटी में रविवार को राजीव अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। दो सालों के लिए बनी इस कमेटी में सविता अग्रवाल-हरीश चंद्रा को उपाध्यक्ष, अनुज पाण्डेय को सचिव, कंवरम यादव को संयुक्त सचिव चुना गया है। मीना अग्रवाल को सांस्कृतिक सचिव, केके अग्रवाल को एडिटर, सुनील गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया है। विशेष नियुक्ति में गोपाल सिन्हा का सांस्कृतिक सलाहकार, सोशल सर्विसेज में जीतेश श्रीवास्तव को जिम्मेदारियां मिलीं।

नव भारत टाइम्स 25.7.16

अल्युमिनाई मीट में ताजा की यादें

एनबीटी, लखनऊ : बदल रहा है मौसम बदल अपना तेवर और मिजाज, बिगड़ रहे हैं धरती, पानी और अंबर के साज। कुछ इसी तरह के संवादों से वृक्ष कल्याणम संस्था के कलाकारों ने नाटक का मंचन कर दर्शकों को प्रकृति संतुलन के बारे में जागरूक किया। नाटक का मंचन पीडब्लूडी के विश्वेश्वरैया सभागार में रुड़की अल्युमिनाई असोसिएशन की ओर से पूर्व छात्रों के मिलन समारोह में किया गया।

मुख्य अतिथि जस्टिस कमल किशोर थे। नाटक के जरिए कलाकारों ने घटती हरियाली, पानी और जहरीली होती हवा पर दर्शकों के सामने सवाल उठाए। नाटक से पहले रुड़की विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने बीते दिनों को याद करते हुए पुराने दिनों का याद किया। कार्यक्रम में रचना भटनागर ने मोटीवेशनल टॉक के जरिए लोगों से चर्चा की और सुझाव पेश किए। कार्यक्रम में असोसिएशन के अध्यक्ष इंजीनियर एके गुप्ता, सचिव आर्किटेक्ट सविता अग्रवाल और कोषाध्यक्ष इंजीनियर हरीश चंद्रा और इंजीनियर केके अग्रवाल ने भी विचार रखे।

दैनिक जागरण 25.7.16

एल्युमिनाई मीट में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- रुड़की यूनिवर्सिटी की एल्युमिनाई मीट में लघु नाटिका से दिया संदेश

जागरण संवाददाता, लखनऊ : रुड़की इंजीनियरिंग कॉलेज (अब यूनिवर्सिटी) की एल्युमिनाई मीट में रविवार को पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश मंच से दिया गया। वृक्ष कल्याणम की ओर से पर्यावरण एक प्रश्न चिन्ह विषय पर लघु नाटिका का मंचन किया गया। इसमें वरिष्ठ रंगकर्मी केके अग्रवाल ने पर्यावरण को हो रहे नुकसान को बेहद ही संजीदगी के साथ दर्शकों के सामने उकेरा। पैट बाबू की मुख्य भूमिका में उन्होंने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। आखिर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर हम कैसे भविष्य सृजित कर रहे हैं। पहले बर्बादी और फिर आपदा वहाना हमारी विडंबना बन गई है। यह जानकारी संस्था के सचिव इंजीनियर विपिन कांत ने दी।

पर्यावरण संरक्षण

Atam Jeet Singh Date: 11/10/2019

प्रमाणित करना है कि विगत 44 वर्षों में श्री के0 के0 अग्रवाल द्वारा लिखित निम्नलिखित नाटकों को मैंने विभिन्न संस्थाओं के लिए निर्देशित किया।

क्रमांक	नाटक का नाम	संस्था
1.	स्वर्ग से शक्ति भवन	उ0 प्र0 रा0 वि0 प0 अभियंता संघ
2.	उड़ान 420	"
3.	थैंक्यू मिस्टर टेलर	"
4.	आओ सखी कुछ बेचें	"
5.	कम्पनी बाई (नौटंकी)	"
6.	मरणोपरांत	"
7.	व्यथा कथा एक गधे की	उ0 प्र0 रा0 वि0 प0 अभियंता संघ
8.	व्यथा कथा एक गधे की	मेघदूत, लखनऊ
9.	बिजली का खम्भा	लखनऊ नाट्य समारोह, रंगयोग (संगीत नाटक अकादमी के तत्वाधान में)
10.	बिजली का खम्भा	माघ मेला, इलाहाबाद (उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद)

उपरोक्त 1 से 6 तक के नाटक श्री अग्रवाल के मूल नाटक थे। जबकि क्रम सं0 7,8 व 9 के नाटक कृश्न चंदर की कहानियों पर आधारित थे।

उपरोक्त 1 से 7 तक के नाटकों में श्री अग्रवाल ने अभिनय भी किया।

इन नाटकों में विद्युत की उपयोगिता, ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता एवं सरकारी विभागों में पनप रहे भ्रष्टाचार के कारण उपभोक्ता को होने वाली परेशानियों को प्रभावी रूप से उजागर किया है।

श्री अग्रवाल ने तक्षशिला द्वारा प्रस्तुत मॉलियर के फ्रांसीसी नाटक द स्काउण्डल स्कॉपियन के मेरे द्वारा किये गये पंजाबी रूपान्तरण एवं निर्देशन सत्ते दा सत्ता में मुख्य भूमिका निभाई।

श्री अग्रवाल ने विगत 3 नवम्बर 2016 को संस्कृति विभाग भारत सरकार के सहयोग से मेरे द्वारा निर्देशित नौटंकी भांड चरित्रम् में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एवं नौटंकी के आलेख को मंच हेतु सम्पादित करने में मुझे सहयोग प्रदान किया।

मैं इन नाटकों से संबंधित कुछ प्रेस कटिंग, फोटोग्राफ आदि जो उपलब्ध हो सके हैं संलग्न कर रहा हूँ।

श्री के0के0 अग्रवाल वर्ष 1974 से अब तक की निरंतर नाट्य सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

(आतमजीत सिंह)

Address:- H. No.- 11, Lane No-5, Hans Nagar, Near Para Police Thana, Hardoi Ring Road
Lucknow 226011. M- 09335313104

लखनऊ नाट्य समारोह की प्रस्तुति - बिजली का खम्भा



राजधानी स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में लखनऊ नाट्य समारोह की प्रस्तुति के तहत नाटक 'बिजली का खम्भा' का मंचन हुआ

छाया: हिन्दुस्तान

लखनऊ नाट्य समारोह : पांचवीं प्रस्तुति

भ्रष्ट व्यवस्था को दिखाने का एक और प्रयास

सांस्कृतिक संवाददाता

लखनऊ, 18 मार्च। आज की प्रशासनिक और राजनैतिक व्यवस्था में एक आम आदमी की मौत को यदि भुनाया न जा सके, तो वह मौत ही निरर्थक हो जाती है। आम आदमी की इस निरर्थकता को तल्खी के साथ अनुभव कराने का प्रयास है, नाटक- 'बिजली खम्भा'। स्वामीनाथ वाली प्रेक्षागृह में चल रहे 'लखनऊ नाट्य समारोह' के अंतर्गत आज 'रंगायन' संस्था की ओर से इसी नाटक का मंचन किया गया। नाटक के लेखक के.के. अग्रवाल और निर्देशक आत्मजीत सिंह हैं।

लगभग चार दशक पूर्व मशहूर लेखक कृष्णचन्दर ने मानव की भाषा में बोलने वाले एक गधे के चरित्र की कल्पना कर लोक उपन्यासों की कुशल शिल्पी थी। इसी चरित्र को आधार बनाकर नाटककार के.के. अग्रवाल ने नाटक रचा है। यह भलमनसाहत गधे का मालिक धोबी एक दिन सड़क के किनारे बिजली के खम्भे के नीचे रख जाता है। स्वाभिमानी गधा अपने मालिक के प्राण बचाने के लिए बिजली विभाग के दफ्तर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिलाधिकारी, मंचिव से होता हुआ मुख्यमंत्री तक अपनी गुहार लगाता है, किन्तु कोई भी उसके मालिक को नहीं बचाता। अंततः खम्भे के नीचे दबा धोबी दम तोड़ देता है। प्रस्तुतकर्ताओं ने इन्हीं प्रसंगों के जरिए नागरिक सुविधाओं, चिकित्सा व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था और अंत में राजनैतिक व्यवस्था में व्याप्त विसंगतियों पर कटाक्ष किया है। नाटक का स्वरूप अत्यंत रोचक है, किन्तु प्रस्तुति में कसाव नहीं है। नाटक के कई प्रसंग या तो काटे जा सकते थे या संक्षिप्त किये जा सकते थे। इसके लिए अवधेश और आत्मजीत सिंह को पूरा श्रेय दिया जाएगा।

प्रस्तुति का एक कमजोर पक्ष, इसकी अनियंत्रित गति थी। जिस तेज रफ्तारी से नाटक शुरू होता है, बिजली विभाग के दफ्तर तक पहुंच कर उसकी गति धीमी हो जाती है। पंडित, मुल्ला और गधा जहां शुरू से ही 'लाउड' वहीं अन्य चरित्र सहज-स्वाभाविक बने रहे।

नाटक की विभिन्न भूमिकाओं में वरिष्ठ अभिनेताओं ज्ञानेश कम्बु, प्रयाग शर्मा, अनिल शुक्ल, विजय मिश्र, विजय कालरा के साथ अवधेश, तपश्चात, आर.के. यादव, रामविलास, सत्यप्रिय, मनीष, मनोज, करमजीत, उषा, बलराम व राजेश ने अभिनय किया। अवधेश (हारमोनियम), शिवचरण (ढोलक) ने गायकी पक्ष का कुशलता से नेतृत्व किया। संगीत पक्ष ही नाटक का बेहतर पक्ष था।

यायावर
रंगमण्डल

Please ask tickets for the cause of Theater and for the sake of Theater

प्रमाणित किया जाता है कि श्री के० के० अग्रवाल संस्था से सम्बद्ध निर्देशक एवं वरिष्ठ कलाकार हैं। वर्ष 1982 में श्री अग्रवाल द्वारा उपन्यास नाटक 'पंजा' यायावर थिएटर बैंक सेवा द्वारा release किया गया था।

संस्था ने वर्ष 1992 एवं 2004 में श्री अग्रवाल द्वारा उपन्यास नाटक 'लक्ष्यचाल' की लगभग 12 प्रस्तुतियां लखनऊ, इलाहाबाद एवं गोरखपुर में की हैं।

मैं श्री अग्रवाल के नाम की संस्कृति अकादमी सम्मान के लिये करता हूँ।

Mittal
22/12/2016

जितेन्द्र कुमार मित्तल
निदेशक
यायावर रंगमण्डल, लखनऊ

यायावर रंगमण्डल, "गायत्री", एस-175, अवित नगर, फैजाबाद रोड, लखनऊ-16, दूरभाष : 0522-6566943, मोबाइल : 9415024858, 9839704858
E-mail : yayaver2009@gmail.com

स्थापित : 1973
पंजी.स. : 2324

संकेत

(सार्थक रंगकर्म हेतु प्रतिबद्ध प्रगतिशील रंगकर्मियों की संस्था)

0522-2789679
9415470026
9839040657

अध्यक्ष
स्वतंत्र काले

उपाध्यक्ष
डा0 डी.सी. पाण्डेय
आई.पी.एस. (से0नि0)
राम किशोर

महासचिव
एस. एन. कौल

नाट्य सचिव
डा0 अनुपम श्रीवास्तव

कोषाध्यक्ष
आर. के. तिवारी

संयुक्त सचिव
विनय घोषाल
कपिल तिलहरी

कार्यकारिणी सदस्य
प्रेम प्रकाश
डा0 संजीव वर्मा
सुश्री शबीह जाफ़री

दिनांक 12 अक्टूबर 2019

<u>श्री के0 के0 अग्रवाल के सम्बन्ध में</u>

सहर्ष सूचित करना है कि श्री के0 के0 अग्रवाल वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठतम रंग कर्मियों की श्रेणी में हैं। आप वर्ष 1974 से प्रतिष्ठित नाट्य संस्था ''संकेत'' से जुड़कर निरन्तर नाट्य लेखन, निर्देशन एवं अभिनय के साथ मंच निर्माण एवं प्रकाश परिकल्पना जैसे कार्य भी करते रहे हैं।

श्री अग्रवाल पूर्व में ''संकेत'' नाट्य संस्था के महासचिव एवं उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। संकेत की स्थापना के प्रारम्भिक वर्षों में संस्था को स्थायित्व प्रदान करने एवं इसकी उन्नति में इन्होंने अपनी प्रबन्धन एवं रंगमंचीय क्षमताओं से महत्वपूर्ण योगदान किया है।

''संकेत'' द्वारा मंचित नाटक के लेखन, निर्देशन एवं अभिनय के क्षेत्र में आपके प्रमुख प्रयासों का उपलब्ध विवरण संलग्न किया जा रहा है।

श्री अग्रवाल की 45 वर्षों से हिन्दी रंगमंच की निरंतर की गयी सेवा

स्वतंत्र काले
अध्यक्ष

सी-176, निराला नगर, लखनऊ - 226 020
E-mail : sanketlucknow1973@gmail.com

स्थापित : 1973
पजी.स. : 2324

संकेत

(सार्थक रंगकर्म हेतु प्रतिबद्ध प्रगतिशील रंगकर्मियों की संस्था)

0522-2789679
9415470026
9839040657

अध्यक्ष
स्वतंत्र काले

उपाध्यक्ष
डा0 डी.सी. पाण्डेय
आई पी एस. (से0नि0)
राम किशोर

महासचिव
एस. एन. कौल

नाट्य सचिव
डा0 अनुपम श्रीवास्तव

कोषाध्यक्ष
आर. के. तिवारी

संयुक्त सचिव
विनय घोषाल
कपिल तिलहरी

कार्यकारिणी सदस्य
प्रेम प्रकाश
डा0 संजीव वर्मा
सुश्री शबीह जाफ़री

संकेत नाट्य संस्था की महत्वपूर्ण प्रस्तुतियों जिनमें श्री के0के0 अग्रवाल ने भाग लिया

कमांक	नाटक का नाम	लेखन, निर्देशन, अभिनय	टिप्पणी
1.	ओह अमेरिका	अभिनय	
2.	अपराधी ?	लेखन निर्देशन	
3.	ध्रुव स्वामिनी	अभिनय	
4.	सत्य हरिश्चन्द्र	अभिनय	
5.	कुमार की छत पर	अभिनय	
6.	बिना दीवारों के घर	अभिनय	
7.	बडी बुआ जी	अभिनय	
8.	राम–श्याम–जदु	अभिनय	
9.	नशे–नशे की बात	अभिनय	
10.	बाप रे बाप	निर्देशन	दूरदर्शन पर भी प्रसारित।
11.	पहला राजा	अभिनय	
12.	जाति ही पूछो साधु की	अभिनय	
13.	अभिमान	अभिनय	दूरदर्शन एवं रेडियो पर प्रसारित।
14.	अमिताक्षर	निर्देशन	
15.	कृति–विकृति	निर्देशन	

स्वतंत्र काले
अध्यक्ष

सी-176, निराला नगर, लखनऊ - 226 020
E-mail : sanketlucknow1973@gmail.com